तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 8 अप्रैल 2026



12 विधायक के निरीक्षण से सुधरी सड़क की गुणवत्ता ग्रामीणों ने ...





11 गोंडवाना गोंड महासभा का वार्षिक अधिवेशन...






## खबर संक्षेप

### गाली देने से मना करने पर व्यक्ति की पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** गाली देने से मना करने पर व्यक्ति ने मना करने वाले व्यक्ति की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम राहुद थाना रनचिरई निवासी दौलत राम जोशी 52 वर्ष ने पुलिस को बताया कि दोपहर मैं अपने घर में परिवार के साथ था उसी समय मेरे गांव का अमर सिंह साहू 45 वर्ष मेरे घर के सामने गली में आकर मेरा नाम लेकर जोर जोर से उंची आवाज में मुझे गालियां देने लगा, तब मैं घर का दरवाजा खोलकर अपने दोनो बेटों मनीष जोशी और कृष्णा जोशी के साथ बाहर निकला तो वह मुझे देखकर गालियां देते हुए तुझे देख लुंगा, जान से खतम कर दुंगा की धमकी देते हुए अपनी मोटर सायकल से वहां से भाग गया, अमर सिंह साहू के द्वारा दी गई गाली गुफ्तार सूनने में मुझे बहुत बुरा लगा और जान से मारने की धमकी दिया है जिससे मैं काफी भयभीत हूं, पूर्व में भी वह जमीन संबंधी विवाद के चलते झगडा विवाद किया है।

### नक्सलवाद मुक्त छत्तीसगढ़ अब समृद्धि की राह परः लक्ष्मीकांत

**अंडा।** केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के सुनियोजित अभियान से आज छत्तीसगढ़ राज्य में



लगभग नक्सलवाद का खत्म हो चुका है। मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत दुबे ने कहा कि नक्सलवाद से मुक्त हो रहा छत्तीसगढ़ में अब और अधिक समृद्धि के पथ पर अग्रसर हो रहा है। लोकल अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती प्रदान होगी आदिवासी बहुल क्षेत्र में जहां अरसे से मुख्य धारा से वंचित है। अब उन्हें सड़क बिजली पानी एवं डिजिटल सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इससे अंचल के ग्रामीणों के जीवन स्तर में काफी सुधार आएगी शिक्षा और रोजगार के अवसर मिलेगा। जहां कभी भय और अशांति का माहौल था वहां अब सिर्फ विकास और प्रगति की बात होगी यह परिवर्तन राज्य के उज्जवल भविष्य की नीव रखेगा।

### पांच दिनी रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**लाटाबोड़।** स्टार इलेवन एवं समस्त ग्रामवासीयों के सहयोग से ग्राम पसौद (हल्दी) के तत्वाधान मे पांच दिवसीय 8 अप्रेल से 12 अप्रेल तक रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है जिसमें प्रथम पुरूस्कार 10000 रूपये व्दितीय पुरूस्कार 7000 तृतीय पुरूस्कार 5000 रूपये रखा गया है समिति के अध्यक्ष प्रीतम साहू ने बताया इसमें प्रवेश शुल्क 600 रूपया रखा गया है।

# बालोद के खिलाड़ियों ने बढ़ाया मान, राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग में जीते स्वर्ण व रजत पदक

रिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पावरलिफ्टिंग खेल संगठन पीएसओ द्वारा आगरा, उत्तरप्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में बालोद नगर के भाई–बहन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया है।

■ 500 से अधिक खिलाड़ियों के बीच शानदार प्रदर्शन

भूमि नेभवानी ने 63 किलोग्राम सब–जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीतते हुए पहला स्थान प्राप्त किया, वहीं उनके बड़े भाई यश राजपूत नेभवानी ने 59 किलोग्राम जूनियर वर्ग में रजत पदक हासिल किया।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण जीतना लक्ष्य



### पिता का पहले ही हो गया था निधन

उनके पिता स्वर्गीय देवानंद राजपूत नेभवानी कराटे प्रशिक्षक थे, जिनका निधन बचपन में ही हो गया था। इसके बाद उनकी माता हिमांशी राजपूत ने संघर्ष कर दोनों का पालन–पोषण किया। भूमि प्रथम वर्ष की छात्र है वही यश बीएससी द्वितीय वर्ष का छात्र है। वर्तमान में यश राजपूत भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के सोशल मीडिया प्रभारी हैं। उनका लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतना है।

प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ सहित जम्मूक"मीर, झारखण्ड, पि"चम बंगाल, गुजरात, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यो से 500 से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित हुए थे। प्रतियोगिता में भूमि ने कुल 152.5 किलोग्राम वजन उठाकर राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि यश ने 227.5 किलोग्राम वजन उठाकर राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। दोनों इससे पहले राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी पदक जीत चुके हैं। राष्ट्रीय स्तर पर दोनो भाई, बहन की यह पहली प्रतियोगिता है। दोनों खिलाड़ी स्व. होला राम सिंह राजपूत नेभवानी के पौत्र–पौत्री हैं, जो अपने समय के जनप्रिय राजनेता रहे हैं।

## किल्लत : 805 किसानों ने कराया पंजीयन, मात्र 17 किसान बेच पाए चना

# चना बेचने किसानों को करना पड़ रहा इंतजार क्यूआर स्टीकर की कमी से खरीदी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखण्ड में चना उत्पादक किसानों को चना बेचने के लिए दांतो तले चने चबाना पड़ रहा है। फसल परिवर्तन करते हुए बड़ी संख्या में किसानो ने धान के बदले चना की फसल ली है। चना की फसल तैयार हो गई है, अब चना बेचना किसानो के लिए बड़ा श्रम साध्य कार्य हो गया है। वे लगातार समितियो के चक्कर काट रहे है।

वर्तमान में विकासखण्ड में चार सेवा सहकारी समिति फागुनदाह, बासीन, सनौद एवं गुरूर में चना खरीदी की जा रही है। इसके अतिरिक्त गंगा मैया बहुउद्देशिय कृषक उत्पादक सहकारी समिति सोरर द्वारा भी ग्राम दर्रा में खरीदी की जा रही है। चना खरीदी के लिए शासन द्वारा क्यू आर स्टीकर दिया जाता है। समितियां प्राप्त स्टीकर की संख्या के आधार पर चना खरीदी करती है। चना खरीदी प्रारंभ हुए एक माह से अधिक समय हो चुका है। 31 मई तक खरीदी की जानी है। फागुनदाह समिति में अब तक मात्र 1000 क्यूआर स्टीकर प्रदान किया गया था, पहली बार 500 स्टीकर एक सप्ताह पूर्व जारी किया गया था तब 30 मार्च तक 500 कट्टा चना की खरीदी की गई थी। अब 500 स्टीकर जारी हुआ है जिसकी खरीदी बुधवार को की जाएगी। सबसे बड़ी समस्या क्यू आर स्टीकर नही मिलता है, जब तक क्यू आर स्टीकर नही मिलेगा तब तक समिति खरीदी नही कर सकती।

फागुनदाह समिति मे कुल 805 किसानो ने 1105 हेक्टेयर रकबा का पंजीयन कराया है। लगभग 16580 क्वींटल चना खरीदी किया जाना है, यह मात्रा अभी और बढ़ सकता है। क्योकि पंजीयन की प्रक्रिया अब भी जारी है। अब तक मात्र 17 किसान ही चना बेच पाए है। जिनसे 250 क्वीटल चना ही खरीदी की जा सकी है। शेश किसान चना बेचने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे है।



### इंतजार करना मजबूरी बन गई

ग्रेडर के पास चार खरीदी केन्द्र में निरीक्षण की जिम्मेदारी होने से समितियो में सप्ताह में दो तीन दिन ही खरीदी हो पा रही है। वर्तमान मे चना समर्थन मूल्य 5875 रूपये क्विंटल है, खुले बाजार में 5100 रूपये बिकने से किसानो को समिति में ही चना बेचने के लिए इंतजार करना मजबूरी बन गई है। चना ग्रेडिंग मे भी किसानो को भारी परेशानी हो रही है। चना में अन्य किसी दलहन का दाना आ गया तो खरीदी नही की जाती, पूरी तरह साफ दाना ही खरीदी की जा रही है, जिससे भी किसान परेशान है।

### समितियों को अतिरिक्त बोझ बढ़ रहा

समय पर खरीदी नहीं होने से किसानों में चिंताशासन ने चना खरीदी के लिए गुणवत्ता परीक्षण के लिए मध्यप्रदेश से ग्रेडर को भेजा है। उस पर फागुनदाह, बासीन, गुरूर एवं दर्रा चना खरीदी केन्द्र में चना गुणवत्ता का परीक्षण की जिम्मेदारी है। ग्रेडर के पास स्वयं का वाहन नही है, जिस समिति को अपने किसानो का गुणवत्ता जांच कराना होता है वह ग्रेडर को लेने अन्य समिति जाता है, ग्रेडिंग के बाद अन्य छोड़ने भी जाता है। चारो समितियो की दुरिया एक दूसरे से 15 किलोमीटर से लेकर 50 किलोमीटर तक ही है, इससे समितियो को अतिरिक्त बोझ बढ़ रहा है।

## गांव का माहौल बिगड़ने से ग्रामीणों की शिकायत पर कार्रवाई, सात गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्रामीणों की शिकायत के बाद जगन्नाथपुर और सांकरा में मंगलवार को बालोद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जगन्नाथपुर से 4 और सांकरा से 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि कई अन्य आरोपी अब भी फरार हैं।

■ प्रतिबंधात्मक धाराओं में की गई कार्रवाई

बताते है कि गांव का माहौल बिगड़ने और युवाओं के भविष्य पर पड़ रहे असर को देखते हुए ग्राम विकास समिति और पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा 13 से ज्यादा लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत पुलिस से की, पुलिस ने उसी आधार पर कई संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की है। हालांकि सुबह–सुबह हुई छापेमारी में किसी के पास शराब या गांजा बरामद नहीं हुआ। लेकिन लंबे समय से लगातार उन लोगों की शिकायत के चलते उन्हें प्रतिबंधात्मक धारा के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सुबह–सुबह 10 से अधिक घरों पर दबिश दी, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस के पहुंचते ही कई शराब कोचिए वाहन सहित फरार हो गए, जबकि कुछ को मौके से गिरफ्तार किया गया।

सूत्रें के अनुसार, एक आरोपी के घर की छत में चकना सेंटर जैसा माहौल बना हुआ था, जहां भारी मात्र में खाली शराब की बोतलें मिलीं। जहां सरकारी शराब एक पौवा 80 में मिलती है, वहीं अवैध रूप से इसे कोचियों द्वारा करीब दुगुने 150 में बेचा जाता है।

## पुरानी रंजिश में युवक से मारपीट, दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



■ बाजार चौक में हुई मारपीट की घटना

पुरानी रंजीश के चलते दो लोगो ने एक युवक की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने दो लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम भाठागांव (आर) थाना रनचिरई निवासी टीकम कुमार साहू पिता खिलावन सिंह साहू 28 वर्ष ने पुलिस को बताया कि गांव के युवराज यादव की शादी में गांव के खूबलाल साहू, टाकेश्वर ठाकुर, फिरोज साहू, भूषण साहू, धनंजय यादव, पोषण साहू एवं गांव के अन्य लोगों के साथ धुमाल सेटअप लेकर बरात के साथ ग्राम आगेसरा थाना जामगांव (आर) जिला दुर्ग गये थे, जहां गांव में किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाने के कारण हम लोगों को धुमाल बजाने से मना करने पर हम लोग खाना खाकर अपने गांव वापस आने की तैयारी कर रहे थे, उसी समय हमारे साथ गए खुबलाल साहू और टाकेश्वर ठाकुर के बीच घर जाने की बात पर विवाद हो गया था, जो शांत होने के बाद हम लोग रात 12:30 बजे वापस ग्राम भाठागांव बाजार चौक आ गये, जहां पर टाकेश्वर ठाकुर और खिलेश्वर ठाकुर बाजार चौक के पास आकर खुबलाल साहू को पुरानी बात को लेकर चौथिया के दिन तुमको मारेंगे कहकर धमकी दे रहे थे, जिसे मेरे द्वारा क्यों मारोगे कहकर बोलने पर टाकेश्वर ठाकुर और खिलेश्वर ठाकुर पिता शिव कुमार ठाकुर दोनो मिलकर मुझे गालियां देते हुए मेरा कालर पकड कर मुझे हाथ मुक्का से मारपीट किये, मारपीट करने से मेरे गला में चोट खरोंच आया है।

## सीटू का 3 दिवसीय धरना 15 अप्रैल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा की खदानों में कार्यरत नियमित और ठेका कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर संघर्ष अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचता नजर आ रहा है। सीटू के नेतृत्व में 15, 16 और 17 अप्रैल को तीन दिवसीय विशाल धरना-प्रदर्शन का ऐलान किया गया है। यह आंदोलन टाउनशिप, अस्पताल और समग्र श्रमिक हितों से जुड़े मुद्दों को केंद्र में रखकर चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

■ अस्पताल और श्रमिक हितों से जुड़ी मांगों को लेकर चरणबद्ध प्रदर्शन

धरना के पहले दिन टाउनशिप की बदहाल व्यवस्थाओं के विरोध में टीए ऑफिस के सामने प्रदर्शन होगा। दूसरे दिन बीएसपी माइंस अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर अस्पताल परिसर में आवाज बुलंद की जाएगी, जबकि तीसरे दिन सभी मांगों को लेकर माइंस ऑफिस राजहरा के सामने व्यापक प्रदर्शन किया जाएगा।

माइंस अस्पताल की स्थिति भी गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। डॉक्टरों, नर्सों और तकनीकी स्टाफ की भारी कमी के चलते श्रमिकों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। भिलाई रेफरल में आ रही दिक्कतें और सीमित स्वास्थ्य सुविधाएं कर्मचारियों के लिए अतिरिक्त परेशानी का कारण बन रही हैं।

टाउनशिप में आवासों की जर्जर स्थिति, साफ-सफाई की अव्यवस्था, अवैध कब्जे और सुरक्षा संबंधी समस्याओं ने रहवासियों का जीवन प्रभावित किया है। कई परिवार मूलभूत सुविधाओं के अभाव में रहने को मजबूर हैं, जिससे असंतोष लगातार बढ़ रहा है। यूनियन ने स्पष्ट किया है कि यह आंदोलन केवल एक संगठन का नहीं, बल्कि सभी श्रमिकों और टाउनशिप में रहने वाले लोगों के अधिकारों की लड़ाई है। यदि मांगों पर जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज करते हुए हड़ताल और कामबंदी जैसे कदम भी उठाए जा सकते हैं, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। श्रमिकों के बीच लगातार संपर्क अभियान चलाकर समर्थन जुटाया जा रहा है, जिससे आंदोलन को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। आने वाले दिनों में यह संघर्ष खदान क्षेत्र की दिशा और दशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।



### समस्याएं जस की तस

सीटू का कहना है कि वर्षों से कर्मचारियों की जायज मांगों पर प्रबंधन का रवैया टालमटोल और उदासीन बना हुआ है। नियमित कर्मचारियों की सुविधाओं में लगातार कटौती हो रही है, वहीं ठेका श्रमिकों को वेतन, पीएफ, बोनस और मेडिकल जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। बार-बार चर्चा और ज्ञापन के बावजूद समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं।

## अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**बालोद।** ग्राम फूंडा से रजोली मेन रोड में आबकारी बल द्वारा परिवहन करते आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 45 नग रोमियो देशी मदिरा प्लेन जप्त किया गया है। जिसमे ग्राम फुंडा से रजोली मार्ग में पीछा कर आरोपीगण वार्ड क्र. 01 कंवर थाना कंवर निवासी लीलाराम गंधर्व पिता बंशीराम गंधर्व, जाति गाड़ा 39 वर्ष, ग्राम नाहन्दा हाल राजोली निवासी ख़ोमिन बाई पति स्व. महावीर जोशी जाती सतनामी 36 वर्ष, द्वारा दो पहिया वाहन सीजी 04 एमयू 9963 के पैरदान पर रखे एक बड़े कैरी बैग में कुल 45 नग रोमियो देशी मदिरा प्लेन लेबल युक्त को जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59(क), के तहत अजमानतीय प्रकरण कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया।



## पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ

# पंचायत धुर्वाटोला में लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

ग्राम पंचायत धुर्वाटोला में विकास कार्यों को लेकर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजय बैंस ने लाखों रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच अंजू कोसमा ने की, जबकि जनपद सदस्य आशा आर्य विशिष्ट अतिथि तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस दौरान ग्राम पंचायत धुर्वाटोला के आश्रित ग्राम कारिया टोला के मंगल भवन परिसर में 20 लाख रुपए की लागत से डोम शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही आश्रित ग्राम शिकारी टोला में 20 लाख रुपए की लागत से मुक्तिधाम एवं प्रतीक्षालय निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए ग्राम पंचायत धुर्वाटोला के माध्यमिक शाला में 10 लाख रुपए की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन अतिथियों द्वारा किया गया। सभा को संबोधित करते हुए सरपंच अंजू कोसमा ने कहा कि मुख्य अतिथि संजय बैंस ने पूर्व में ग्राम के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने देने का आश्वासन दिया था, जो अब धरातल पर दिखाई दे रहा है। मुख्य अतिथि संजय बैंस ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्राम पंचायत धुर्वाटोला के विकास कार्यों में सहभागी बनना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा और विकास कार्यों की गति को और तेज किया जाएगा। उन्होंने शिकारी टोला से कारिया टोला मार्ग निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिलने की घोषणा करते हुए कहा कि जल्द ही इस बड़े विकास कार्य की शुरुआत होगी। कार्यक्रम के अंत में जनपद सदस्य आशा आर्य ने आभार व्यक्त किया।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नगर पंचायत चिखलाकसा के पार्षद बसंत जैन, कुसुमकसा के जनप्रतिनिधि संतोष जैन, पुष्पजीत बैंस, कमलकांत साहू, शुभराम कोसमा, उपसरपंच सदाराम ठाकुर, ग्राम पटेल धुर्वाटोला उदेराम मंडावी, ग्राम पटेल शिकारी टोला रामकुमार देशमुख, पुनीत राम धनकर, संतु नेताम, संतु भंडारी, कार्तिक भंडारी, टीकम गावरे सहित ग्राम पंचायत के पंच, रोजगार सहायक दुर्गा, कंप्यूटर ऑपरेटर मधु माशिया एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


WE ARE HIRING

Job Opening

CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post

Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :

- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :

- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply

Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com

Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

# नालंदा परिसर के काम की रफ्तार धीमी, निगम आयुक्त ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सोमवार की सुबह आयुक्त सुमित अग्रवाल ने निगम क्षेत्र में जारी कामों का निरीक्षण किया। वे सुबह 8 बजे शहर के विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी लेने निकले। उन्होंने आईटी पार्क, नालंदा परिसर एवं सिविल लाइन क्षेत्र में चल रहे पेवर ब्लॉक कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे। आयुक्त ने सभी स्थलों पर कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूर्ण किए जाएं, ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द बेहतर सुविधाएं मिल सकें। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि नगर विकास से जुड़े सभी कार्यों में गुणवत्ता एवं समय-सीमा का पालन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमित रूप से कार्यों की मॉनिटरिंग करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें

## आईटी पार्क के कैम्प कार्यालय के रिनोवेशन का काम 15 दिन में पूरा करने के निर्देश, आईआईटी को किया जाना है हैंडओवर

### आईटी पार्क के कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

आईटी पार्क का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने शेष बचे कार्यों को प्राथमिकता के साथ तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देशित किया कि 15 दिनों के भीतर कार्य पूर्ण कर आईआईटी भिलाई को हस्तांतरित किया जाए। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी।



### नालंदा परिसर में कार्यों की गति बढ़ाने के निर्देश

नालंदा परिसर निर्माण स्थल का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण किया जाए, जिससे परियोजना का लाभ आम नागरिकों को शीघ्र मिल सके।

### सिविल लाइन में पेवर ब्लॉक कार्य पर जताई नाराजगी

सिविल लाइन क्षेत्र में चल रहे पेवर ब्लॉक कार्य का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने कार्य की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, गुणवत्ता में सुधार करते हुए शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के हर पदाधिकारी की बनेगी परफॉर्मेंस रिपोर्ट

**दुर्ग।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पदाधिकारियों की वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि पार्टी के हर पदाधिकारी की परफॉर्मेंस रिपोर्ट तैयार की जाए। ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए यह बैठक हुई। संगठन महामंत्री राजीव गुप्ता ने इस दौरान कहा कि जिम्मेदार पदाधिकारी को अपनी कार्यप्रणाली एवं परफॉर्मेंस रिपोर्ट प्रस्तुत करनी पड़ रही है, जिससे संगठन में पारदर्शिता बढ़ रही है तथा कार्यों में गति आ रही है। कोषाध्यक्ष श्री विक्रांत अग्रवाल ने संगठनात्मक कार्यों में समन्वय, जवाबदेही एवं सक्रियता पर जोर देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राकेश ठाकुर द्वारा प्रत्येक पदाधिकारी से वन-टू-वन चर्चा करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की जा रही है। इस दौरान उन्होंने बूथ स्तर तक की समस्याओं को भी गंभीरता से सुनकर उनके समाधान हेतु आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए।

### अब एमएसएमई एंसिलरी को मिलेगा 10 लाख तक का काम

**भिलाई।** एमएसएमई जिला उद्योग संग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना ने भिलाई स्टील प्लांट की मैनेजमेंट का आभार जताया है।



उन्होंने कहा कि सहायक उद्योगों के बीच में इंक्वायरीज़ को 7 लाख से बढ़ाकर 12 लाख रुपए करने की मांग की गई थी। बीएसपी मैनेजमेंट ने उसे 10 लाख रुपए कर दिया जिससे एमएसएमई एंसिलरीज़ को राहत मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ इंक्वायरी में प्रीवियस सप्लायर के नाम पर इंक्वायरी के नाम पर बाहरी उद्योग को डाला जाता है। इससे एमएसएमई एंसीलरी को जो लाभ मिलना चाहिए वो नहीं मिल पाता। प्रीवियस सप्लायर को शामिल ना किया जाए। खुराना ने केके झा का आभार जताया है।

### बीआरएम ने किया दस हजार टन डिस्पैच

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एवं रॉड मिल (बीआरएम) ने वित्तीय वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10,56,373 टन उत्पादन कर 10,59,905 टन डिस्पैच का कीर्तिमान स्थापित किया। स्पेसिफिक हीट एवं पावर खपत, स्पेसिफिक रोल खपत, टोटल यील्ड, मिल यूटिलाइजेशन, हॉट-अवर तथा मिल उपलब्धता आदि मानकों में अब तक के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े प्राप्त किए गए। डायरेक्टर इंचार्ज व सभी कार्यपालक निदेशकों ने हौसला बढ़ाया है।

## जमीन का मुआवजा वर्गफुट की बजाए हेक्टेयर में दिए जाने को लेकर जारी है गतिरोध

# रेलवे परियोजना को लेकर गांवों में तनाव, पुरई में 4 किसानों को हिरासत में लेने के बाद फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खरसिया-परमालकसा रेलवे परियोजना के अंतर्गत दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के प्रभावित गांवों में प्रशासन ने सर्वे का काम शुरू कर दिया है। इधर ग्रामीणों का विरोध लगातार जारी है। उनकी मांग है कि मुआवजा हेक्टेयर के बजाए वर्गफुट में दिया जाए। विरोध के बावजूद सोमवार की सुबह प्रशासन की टीम सर्वे के लिए मौके पर पहुंच गई, जैसे मार्किंग का काम शुरू किया गया, ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी हरवंश मिरी, तहसीलदार क्षमा युद और वसुमित्र दीवान के सामने आपत्ति जताई। तस्वीर लेने के दौरान पुलिस ने ग्रामीणों को रोका। इतना ही नहीं मीडिया से चर्चा के दौरान भी आपत्ति की गई। इसके बाद प्रशासन के निर्देश पर पुलिस ने अमित कुमार साहू पुरई, गोपेश्वर साहू पाऊवारा, धनऊ कोसरे पुरई एवं पुनाराम देवांगन को हिरासत में ले लिया। उन्हें मौके से हटाकर अन्यत्र भेज दिया गया। इसके बाद गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हुई। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर सहित अन्य मौके पर पहुंच गए। बाद में उन्होंने कलेक्ट्रेट पहुंचकर इस पूरे मामले में शिकायत की। तनाव बढ़ता देख बाद में चारों ग्रामीणों को छोड़ दिया गया। शाम को ग्रामीणों ने प्रशासनिक हठधर्मिता के खिलाफ फिर बैठक की। साथ ही उग्र आंदोलन की रणनीति तैयार की।

### कांग्रेस भी मोर्चे पर डटे रहे, कलेक्टर से की शिकायत



### ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर कांग्रेस ने सौंपा 10 सूत्रीय मांगपत्र

खेतों में शुरू किए गए सर्वे के विरोध में सोमवार को कांग्रेस के कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान ग्रामीण भी मौजूद थे। सर्वे के दौरान प्रभावित किसान शांतिपूर्ण तरीके से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए अपनी मांगों एवं समस्याओं को प्रशासन और मीडिया के समक्ष रख रहे थे। किसानों ने बताया कि वे लंबे समय से अपनी 10 सूत्रीय मांगों, विशेषकर भूमि के बदले चार गुना मुआवजे की मांग को लेकर प्रयासरत हैं और इस संबंध में स्पष्ट एवं सकारात्मक निर्णय की अपेक्षा रखते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से मुलाकात कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने किसानों की मांगों, उनकी भावनाओं एवं उत्पन्न परिस्थिति को गंभीरता से रखते हुए समाधान हेतु सकारात्मक हस्तक्षेप का आग्रह किया। इसके बाद ग्रामीणों को छोड़ा गया। इस दौरान जामवंत गजपाल, राकेश हिरवानी, उत्तरा कोसरे, नासिर खोखर आदि मौजूद थे।

### सर्वे प्रक्रिया में अनियमितता और एकपक्षीय कार्रवाई का लगाया आरोप

पुरई के किसानों ने वर्तमान में चल रहे भूमि सर्वे की प्रक्रिया पर गहरी आपत्ति जताई है। किसानों का आरोप है कि प्रशासन उनके हितों को ताक पर रखकर एकपक्षीय कार्यवाही कर रहा है और उनकी लिखित आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। पुरई के किसानों ने स्पष्ट किया है कि वे क्षेत्र के विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन सर्वे के नाम पर अपनाए जा रहे तरीकों से असंतुष्ट हैं। किसानों का कहना है कि पूर्व में दी गई लिखित आपत्तियों पर अब तक कोई प्रशासनिक कार्यवाही या संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। नायब तहसीलदार द्वारा रविवार के दिन सभा बुलाना संदेहास्पद है, जिसके लिए कोई ठोस लिखित आदेश किसानों के सामने प्रस्तुत नहीं किया गया है। सर्वे का आधार और भविष्य की योजना को लेकर पारदर्शिता का अभाव है। प्रभावित किसानों ने इस संबंध मेंमुख्य सचिव, जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी शिकायतों का निराकरण नहीं हो जाता, तब तक सर्वे या अधिग्रहण संबंधी किसी भी कार्य पर रोक लगाई जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी लोकतांत्रिक मांगों को नजरअंदाज किया गया और जबरन एकपक्षीय कार्यवाही जारी रही, तो उन्हें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।



# शहर के विभिन्न विकास कार्यों का आयुक्त ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई नगर पालिक निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों और भविष्य की कार्ययोजनाओं का निरीक्षण करने के लिए दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गुणवत्तापूर्ण निर्माण और समय सीमा के भीतर कार्यों को पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण की शुरुआत आयुक्त द्वारा निगम के मुख्य कार्यालय के सामने पूर्व निर्मित सीसी रोड के अवलोकन से हुई। उन्होंने सड़क की वर्तमान स्थिति, फिनिशिंग और मजबूती का बारीकी से निरीक्षण किया। सड़क के आसपास जल भराव न हो, इसके लिए उन्होंने ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त रखने के संबंध में संबंधित इंजीनियरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तत्पश्चात, आयुक्त नेहरू नगर पूर्व स्थित कमर्शियल परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने परिसर में स्थित पुरानी पानी टंकी की स्थिति का जायजा लिया और सुरक्षा मानकों का दिशानिर्देश दिए। क्षेत्र में आवागमन को सुगम बनाने के लिए प्रस्तावित नई सड़क के स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने स्थल के अनुरूप कार्य जल्द शुरू करने की प्रक्रिया को गति देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें ताकि आम नागरिकों को असुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान निगम के जोन आयुक्त अजय राजपूत, कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, उप अभियंता बसंत साहू, पुरुषोत्तम सिंहा, रीमा जमुलकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी आदि उपस्थित थे।

■ नेहरू नगर पूर्व में पुरानी पानी टंकी और प्रस्तावित रोड का लिया जायजा

# एचएमआईएस अपॉइंटमेंट मॉड्यूल उद्घाटित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटल हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) के अपॉइंटमेंट मॉड्यूल का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम ने किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर व डॉ. उदय कुमार उपस्थित थे।

■ मरीजों को करना होगा कम इंतजार

मुख्य अतिथि ने कहा कि बीएसपी स्वास्थ्य मित्र मोबाइल एप एवं एचएमआईएस वेब पोर्टल के एकीकरण से मरीजों के प्रतीक्षा समय में कमी आएगी तथा पंजीकरण काउंटरों पर लगने वाली लंबी कतारों से मुक्ति मिलेगी। कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को पारदर्शी, त्वरित एवं मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। डॉ. विनीता द्विवेदी ने कहा कि यह अपॉइंटमेंट मॉड्यूल अस्पताल के व्यापक डिजिटल इकोसिस्टम का एक महत्वपूर्ण अंग है।

### रोडमैप का प्रस्तुतिकरण

एचएमआईएस अपॉइंटमेंट मॉड्यूल में उपयोगकर्ता-अनुकूल सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके माध्यम से मरीज अब बीएसपी स्वास्थ्य मित्र एप अथवा एचएमआईएस वेब पोर्टल के जरिए दूरस्थ रूप से ओपीडी अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं। प्रणाली में चिकित्सकों की उपलब्धता एवं विभागीय समय-सारणी की रियल-टाइम जानकारी उपलब्ध होती है। इस दौरान एचएमआईएस टीम द्वारा अस्पताल के डिजिटल रोडमैप का भी प्रस्तुतीकरण किया गया।

# बीएसपी में हादसे रोकने और श्रमिकों की सुरक्षा पर दें ध्यान

**भिलाई।** भिलाई कर्मचारी यूनियन ने भिलाई इस्पात संयंत्र में बढ़ रही दुर्घटनाओं व ठेका श्रमिकों की मौत पर चिंता जताई है। यूनियन ने शुक्रवार को ठेका मजदूर की मौत के की जांच व सुरक्षा पर ध्यान देने की मांग प्रबंधन से की है। यूनियन की हुई बैठक में पदाधिकारियों ने कहा किउच्च प्रबंधन अपनी ओर से लगातार सुरक्षित कार्य पर जोर दे रहा है इसके बाद भी हादसे बढ़ रहे हैं। ठेकेदारों व अधिकारियों की लापरवाही की जांच होना चाहिए। क्या ब्लास्ट फर्नेस में खोम लाल वर्मा जब 30 फीट की हाइट पर काम करने जा रहा था तो क्या उसे फुल बॉडी हार्नेस दिया गया था। उसे काम के लिए भेजने वाले अधिकारी या सुपरवाइजर ने उसे वहां जोखिम की जानकारी दी थी। क्या इलेक्ट्रिकल शटडाउन लिया गया था। बैठक में यूनियन ने दुर्घटनाएं रोकने के लिए नियमित कर्मचारियों की भर्ती करने, सिर्फ नियमित से ही क्रेन चलवाने, केबिन में सिर्फ बाकी टाकी का इस्तेमाल होने व क्रेन ऑपरेटर का मेडिकल चेकअप हर 6 महीने में आंख कान का मेडिकल चेकअप की करवाने की मांग की गई। बैठक में अध्यक्ष राजेश चौहान, महामंत्री अशोक कुमार माहौर व कार्यकारी अध्यक्ष आनंद पांडेय सहित निवास मिश्रा कोषाध्यक्ष प्रवीण मार्दीकर उपाध्यक्ष अवधेश पांडेय आदि उपस्थित थे।



# 7 करोड़ से बनेगी साइंस कॉलेज से शहीद चौक तक 1100 मीटर लंबी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मालवीय नगर चौक से स्टेशन तक ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए साइंस कॉलेज केनाल से स्टेशन होते हुए शहीद चौक तक करीब 1100 मीटर सड़क बनेगी। सड़क 10 मीटर चौड़ी होगी। करीब 6.64 करोड़ रुपए की इस सड़क का काम जल्द शुरू होगा।



शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव ने सड़क को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात शीघ्र ही भूमि पूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। यह मार्ग दुर्ग शहर का पहला केनाल रोड होगा, जो शहर के यातायात तंत्र को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यादव ने कहा कि दुर्ग शहर के समग्र विकास और नागरिकों की सुविधा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। केनाल रोड के निर्माण से न केवल यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में विकास की नई संभावनाएं भी खुलेंगी। उन्होंने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री एवं वित्त विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में दुर्ग को आधुनिक एवं सुव्यवस्थित शहर बनाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। केनाल रोड बनने से भिलाई की ओर से आने वाहन सीधे ग्रीन चौक होते हुए आगे बढ़ जायेंगे इससे समय और ईंधन की बचत होगी तथा चौड़ी सड़क से आवागमन सुरक्षित होगा।

■ कार्य एजेंसी तय होने के साथ जल्द शुरू होगा काम, मंत्री गजेंद्र यादव ने ली जानकारी

## भिलाई-चरोदा में सफाई सिस्टम सुधार के लिए करोड़ों का प्लान

# संसाधनों की कमी से वार्डों में सफाई व्यवस्था प्रभावित, खरीदी प्रक्रिया की शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था इन दिनों गंभीर संकट से गुजर रही है। संसाधनों की भारी कमी के कारण शहर के 40 वार्डों में कचरा उठाने का काम प्रभावित हो रहा है, जिससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई इलाकों में नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी का अंबार लगने लगा है।

जानकारी के मुताबिक, नगर निगम के पास कचरा उठाने के लिए उपलब्ध 17 रिक्शा खराब हालत में पड़े हुए हैं, जिससे डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन लगभग ठप हो गया है। वहीं, पूरे निगम क्षेत्र में महज तीन टिप्पर के भरोसे कचरा उठाने का काम किया जा रहा है। इतने सीमित संसाधनों के साथ 40 वार्डों में नियमित सफाई बनाए रखना निगम के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। सिर्फ कचरा परिवहन ही नहीं, बल्कि सफाई से जुड़े अन्य संसाधनों की भी कमी सामने आ रही है। पर्याप्त संख्या में उपकरण और वाहन नहीं होने से सफाई कर्मचारियों को काम करने में कठिनाई हो रही है, जिसका सीधा असर शहर की स्वच्छता पर पड़ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए निगम आयुक्त ने जरूरी संसाधनों की खरीदी के लिए आदेश जारी कर दिए हैं। इसके तहत नए रिक्शा, वाहन और अन्य उपकरण खरीदे जाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, ताकि सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाया जा सके। आयुक्त का कहना है कि जल्द ही नए संसाधन उपलब्ध होने के बाद सफाई व्यवस्था में सुधार देखने को मिलेगा। हालांकि, तब तक शहरवासियों को गंदगी और अव्यवस्था से जूझना पड़ सकता है।




### सामान खरीदने दिए गए निर्देश

सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने लगातार प्रयास किया जा रहा है। सास्थ्य विभाग में संसाधनों की कमी न हो इसलिए नए सामानों की खरीदी के निर्देश दिए गए है। मेरे द्वारा स्वयं वार्डों का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया जा रहा है।

**डीएस राजपूत,** आयुक्त नगर निगम भिलाई-चरोदा

### शहर की सफाई के लिए नया रोडमैप कई योजनाओं पर करोड़ों खर्च

भिलाई-चरोदा निगम क्षेत्र में बिगड़ती सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए नगर निगम ने बड़े स्तर पर खर्च की तैयारी की है। गत दिनों पारित बजट के अनुसार पर्याप्त सफाई कर्मचारियों की कमी को देखते हुए अब सफाई का ठेका देने के लिए करीब 1 करोड़ 80 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। सीवरलाइन निर्माण और मरम्मत के लिए 1 करोड़ रुपए अलग से रखे गए हैं। वहीं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत करने के लिए कंपोस्ट प्लांट निर्माण पर करीब 4 करोड़ 85 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जरूरी उपकरण और सामग्री की खरीदी पर भी 4 करोड़ 50 लाख रुपए का बजट तय किया गया है। इसके अलावा शहर में 6 नए एसएलआरएम सेंटर बनाए जाएंगे, जिन पर करीब 1 करोड़ 65 लाख रुपए खर्च होंगे। ये सेंटर मोरिद, समता कॉलोनी, हथखोज और दादर जैसे इलाकों में विकसित किए जाएंगे। साथ ही कचरा प्रबंधन को और मजबूत करने के लिए वार्ड 4 जरवाय समेत अन्य एसएलआरएम सेंटर के उन्नयन पर भी करीब 4 करोड़ रुपए खर्च करने की योजना है।

# रकम दोगुना करने और लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी, महिला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

लोन दिलाने और रकम दोगुना करने का झांसा देकर ठगी करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना पदमनाभपुर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना है। पुलिस ने बताया कि रायपुर नाका, पद्मनाभपुर निवासी आरोपी लक्ष्मी टाण्डी पीड़ित सारपल्ली भास्कर को 6 माह में रकम दोगुना करने का झांसा दिया। लालच में 3 लाख रुपये नगद, 7 लाख रुपये विभिन्न खातों में ऑनलाइन आरोपी ने ट्रांसफर करवाया। शिकायत पुलिस से होने के बाद महिला लक्ष्मी को पकड़ा गया। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार के लालच, निवेश या लोन के नाम पर अज्ञात व्यक्तियों के झांसे में न आएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी पुलिस को दें।

## खबर संक्षेप

### आत्महत्या के लिए उकसाने वाली महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** आत्महत्या के लिए उकसाने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि हाउसिंगबोर्ड कोहका निवासी सृजन कन्हैया पाण्डेय ने सूचना दिया कि मोहन रामटेके 28 मार्च की सुबह अपने घर में मृत अवस्था में मिला। मर्ग जांच में पता चला कि राजू पाल, सोनिया गोस्वामी 1 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। रकम को लेकर मोहन के घर फोन के माध्यम से प्रताड़ित करते थे। परेशान होकर मोहन ने आत्महत्या किया। फरार महिला सोनिया को पुलिस ने पकड़ लिया। महिला को उसके निवास ग्राम जेवरा सिरसा से पकड़ा गया है। गिरफ्तार कर महिला को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने मोबाइल और कई दस्तावेज जब्त किया है। घटना स्मृति नगर चौकी का है।

### धारदार हथियार लेकर डराने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार निवासी प्रिंस कुमार सिंहसे पुरानी रंजिश के चलते आरोपीगण डॉ. राजेंद्र प्रसाद नगर, खुर्सीपार निवासी नागेश उर्फ तेजेश्वर राव, बी सागर के द्वारा हाथ-मुक्का से मारपीट की गई। पीड़ित को धारदार हथियार लेकर आरोपियों ने धमकाया भी है।

### चेनस्नेचिंग करने वाला युवक पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** वृद्ध महिला से चेनस्नेचिंग करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सेक्टर 6 निवासी रमीला वर्मा सड़क 17 से घर घर जा रही थी। तभी अचानक वृद्ध महिला के से सोने का मंगलसूत्र खींचकर युवक सेंट्रल एवेन्यू की ओर फरार हो गया। शिकायत पर भिलाई नगर पुलिस ने खोजबीन किया। आम नागरिकों के सहयोग से युवक को पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर अपना नाम संगम चौक खुर्सीपार निवासी हर्ष चंद्राकर बताया है। युवक के पास से पुलिस ने सोने का मंगलसूत्र बरामद किया गया है।

### टॉवर से कूदकर युवक ने दी जान

**नंदिनी अहिवारा।** युवक ने टावर से कूदकर अपनी जान देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि टाउनशिप में आत्महत्या करने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पुलिस व फॉरेंसिक टीम पहुंची। शव का शिनाख्त सड़क नंबर 6, मकान नंबर 3 ए, टाउनशिप निवासी आकाश चंद्रीका 21 वर्ष के रुप में हुआ। जांच एवं पीएम करने वाले चिकित्सक ने मौत का कारण आत्महत्या बताया गया है। मृतक एक दिन पूर्व अपने घर के पास वाहन को दीवार से टकरा देने से वाहन क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसे लेकर मानसिक रूप से तनाव में था। परिजनों के बाहर रहने और संभावित डांट के भय से उसने उक्त कदम उठाया। मृतक डिप्लोमा प्रथम सेमेस्टर का छात्र था। मृतक अपने घर से सुबह पांच बजे से निकल गया था।

### ऑनलाइन सट्टा मामले में तीन युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** ऑनलाइन सट्टा चलाने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम खेदामारा, नहर किनारे मैदान में मोबाइल से ऑनलाइन सट्टा खेलने की शिकायत मिली थी। पुलिस ने दबिश देकर मठपारा, जामुल डिकेश्वर सिन्हा उर्फ राजा,खेदामारा, जामुल कुलेश्वर पटेल, गणेश नगर दीपेश कुमार लहरी उर्फ सन्नी को पकड़ा गया। युवकों द्वारा बीट भाई 9 से आईपीएल क्रिकेट मैचों पर सट्टा लगा रहे थे। आरोपियों द्वारा पुलिस से बचने के लिए कार सीजी 7 बीएफ 5311, स्कूटी सीजी 07 सीजी 7551 से घूम-घूमकर सट्टा संचालन करते थे। पुलिस को मोबाइल फोन के परीक्षण पर 2.50 लाख से 3 लाख तक का ऑनलाइन लेन देन मिला है। तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

### आयोजन : मेधावी छात्र और समाजसेवियों का हुआ सम्मान

# गोंडवाना गोंड महासभा का वार्षिक अधिवेशन, शिक्षा और एकता पर जोर

#### विधायक कुंवर सिंह निषाद रहे मुख्य अतिथि





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/अर्जुन्दा

सामाजिक एकता, सांस्कृतिक संरक्षण और जनजातीय अधिकारों के संकल्प के साथ ग्राम परसतराई में गोंडवाना गोंड महासभा का वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए वक्ताओं ने शिक्षा और संगठन की शक्ति पर विशेष जोर दिया।

■ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक संरक्षण का दिया संदेश

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद थे। अध्यक्षता जिला पंचायत बालोद की अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथियों जनपद उपाध्यक्ष नीतीश मोंटी यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, सरपंच गायत्री नेताम, तहसील अध्यक्ष सेवंत मंडावी, उपाध्यक्ष नंदनी नेताम, राजेश्वरी पोटा, टिकेंद्र कोर्राम, परिक्षेत्र अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार सिंद्राम एवं पूर्व सरपंच छबिलाल कोर्राम सहित सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

विधायक कुंवर सिंह निषाद ने समाज की एकजुटता की सराहना करते हुए कहा कि गोंडवाना समाज का इतिहास त्याग, तपस्या और जल–जंगल–जमीन की रक्षा का इतिहास है। आज के बदलते परिवेश में यह आवश्यक है कि हम अपनी गौरवशाली परंपराओं को संजोकर रखें, लेकिन साथ ही आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में भी हमारे युवा कीर्तिमान स्थापित करें। समाज की असली शक्ति उसके संगठन में है। जब समाज संगठित होता है, तभी विकास के द्वार खुलते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने मातृशक्ति और सामाजिक विकास पर केंद्रित विचार रखे, तारणी ने कहा किसी भी समाज की उन्नति उस समाज की महिलाओं और बच्चों की स्थिति से मापी जाती है। गोंडवाना महासभा ने जिस तरह अपनी सांस्कृतिक पहचान को बचाए रखा है, वह अनुकरणीय है। जिला पंचायत के माध्यम से हम ग्रामीण क्षेत्रें में अधोसंरचना के साथ–साथ सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का कार्य कर रहे हैं। समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना ही हमारी प्राथमिकता है। छ.ग. गोंडवाना गोंड महासभा तहसील अर्जुन्दा के अध्यक्ष सेवंत मंडावी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध और एकजुटता का आह्वान किया और कहा कि वार्षिक अधिवेशन आत्म–मंथन का अवसर है। हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति और पूर्वजों के मूल्यों से रूबरू कराना होगा। नशामुक्ति और शिक्षा को अपनाकर ही हम गोंडवाना के सुनहरे भविष्य की कल्पना कर सकते हैं। आज हमें संकल्प लेना होगा कि हम अपने सामाजिक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ बूढ़ादेव की पूजा–अर्चना और सामाजिक ध्वजारोहण के साथ हुआ। स्थानीय कलाकारों द्वारा पारंपरिक लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। समाज के मेधावी छात्र–छात्रओं और विभिन्न क्षेत्रें में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में सामाजिक बंधु, माताएं और युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने समाज हित में एकजुट रहने का संकल्प लिया।

## शाला रानाखुज्जी में न्योता भोज कराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

संकुल रानाखुज्जी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला रानाखुज्जी में ईस्टर के पावन पर्व के उपलक्ष्य में विशेष न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं संकुल के शिक्षकों ने मिलकर पर्व की खुशियां साझा कीं।

कार्यक्रम में सेजेस रानाखुज्जी की व्याख्याता श्रीमती नीलिमा लकड़ा द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थित शिक्षकों ने सहभागिता निभाई। इस दौरान व्याख्याता सपना ठाकुर, संकुल समन्वयक भागवत इंदौरिया, प्रधान पाठक बलराम सिंह सोनकर, शिक्षिका नीता मानिकपुरी तथा रंजीता देवांगन सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सभी ने ईस्टर पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सद्भावना का संदेश दिया। आयोजन का माहौल सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण रहा।

### जन्मदिवस पर व्याख्याताओं ने किया नेवता भोज का आयोजन



**बालोद।** व्याख्याता भूपेश्वर नाथ योगी एवं क्षमा यादव ने अपने जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बालोद के छात्रओं एवं स्टाफ के सदस्यों के लिए नेवता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के लगभग 80 छात्रओं सहित समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य आपसी सद्भाव, सहयोग और सामाजिक समरसता का संदेश देना भी था। विद्यालय के प्राचार्य हेमलता गंभीर एवं स्टाफ ने इस आयोजन के लिए भूपेश्वर नाथ योगी एवं क्षमा यादव के इस पहल को अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रें के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## ध्रुव गोंड समाज की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

ध्रुव गोड़ समाज भाठागांव आर परिक्षेत्र की बैठक आदिवासी भवन भाठागांव आर मे संपन्न हुई। जिसमे पूर्व अध्यक्ष डीएल धुरवे का विदाई, सम्मान व नवनिर्वाचित अध्यक्ष दुलार मंडावी एवं नव निर्वाचित सभी पदाधिकारीगण का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

■ पूर्व अध्यक्ष का सम्मान, नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण

कार्यक्रम मे पुरखा सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। जिसमे समाज को मजबूती प्रदान करने वाले पूर्व अध्यक्ष स्व.अनिरुद्ध कतलम, स्व. हरिसिंह कतलाम के परिजनो का सम्मान आदिवासी धुरव गोड समाज के द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाज के संतलाल कोड़प्पा पाटन राज अध्यक्ष एवं धौराभाठा अध्यक्ष रामसुमेर छेदैया, उमाशंकर नेताम पाटन राज उपाध्यक्ष एवं महिला प्रभाग शैलेन्द्री मंडावी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने समाज को एकजुट होकर कार्य करने एवं नशामुक्त समाज बनाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर समाज के उपाध्यक्ष जगन्नाथ मंडावी, सचिव नरसिंग मरकाम, कोषाध्यक्ष गुरुदयाल पदांम, संरक्षक लालजी मरकाम, प्रवक्ता नंदकिशोर नेताम, सलाहकार परस ठाकुर, लखन ठाकुर, जगदीश ठाकुर, घनश्याम मरकाम सहित अन्य पदाधिकारीगण व बड़ी संख्या मे महिलाए उपस्थित थे।

### अफीम के मामले में एक आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**दुर्ग।** जेवरा-पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम समोदा-झेंझरी में अफीम की खेती मामले में गिरफ्तार सुखराम विश्नोई की जमानत याचिका सोमवार को न्यायालय ने खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश पीएस मरकाम के कोर्ट में इस याचिका पर सुनवाई हुई। आरोपी पक्ष के वकील ने कहा कि सुखराम शुगर की बीमारी से पीड़ित हैं। बुजुर्ग हैं। मानवीय संवेदना के आधार पर उन्हें जमानत दी जाए। कोर्ट ने सुनवाई के बाद मामले की गंभीरता और धाराओं के परीक्षण के बाद याचिका खारिज कर दी। शासन की तरफ से मामले में पैरवी विशेष लोक अभियोजक सूरज शर्मा ने की। प्रकरण में आरोपी सुखराम 23 मार्च से न्यायिक अभिरक्षा में है। इस मामले में पुलिस ने बीजेपी नेता विनोयक ताम्रकार, विकास विश्नोई, मनीष ठाकुर, श्रवण विश्नोई, अचला राम, छोटूराम को भी आरोपी बनाया है। पुलिस ने प्रकरण में 62424 किलोग्राम मादक पदार्थों के पौधों की जब्ती दिखाई है। मामले में पकड़े गए आरोपी जेल मे निरुद्ध हैं। पुलिस की जांच जारी है।

# दल्लीराजहराः केंद्रीय विद्यालय की उम्मीदों पर फिरा पानी, एडमिशन पोर्टल से नाम गायब

**केंद्रीय विद्यालय के इंतजार में शहर, घोषणाओं से आगे बढ़ाने की नई पहल तेज**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

लंबे समय से केंद्रीय विद्यालय की मांग को लेकर उम्मीदें लगाए बैठे शहरवासियों को एक बार फिर निराशा हाथ लगी है। बीते वर्ष यह भरोसा दिलाया गया था कि नए शिक्षा सत्र से दल्लीराजहरा में केंद्रीय विद्यालय की शुरुआत हो जाएगी, लेकिन सत्र शुरू होते ही स्थिति जस की तस नजर आई। केंद्रीय विद्यालय के एडमिशन पोर्टल में दल्लीराजहरा का नाम नहीं होने से अभिभावकों में असमंजस और नाराजगी देखी गई।

■ केंद्रीय विद्यालय के इंतजार में शहर, घोषणाओं से आगे बढ़ाने की नई पहल

प्रारंभिक चरण में भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्राथमिक शाला क्रमांक 6 के भवन को अस्थायी रूप से उपलब्ध कराने की सहमति भी दी गई थी। इस भवन में वर्तमान में आदिवासी बच्चों का हॉस्टल संचालित है, जिसे स्थानांतरित कर विद्यालय शुरू करने की योजना बनाई गई थी। जून-जुलाई 2025 में इस संबंध में घोषणाएं भी हुईं, जिससे लोगों को उम्मीद बंधी थी कि इस बार शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा, लेकिन जमीनी स्तर पर प्रगति नहीं हो सकी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि केवल घोषणाओं से काम नहीं चलेगा, बल्कि ठोस प्रयासों की जरूरत है। उनका कहना है कि यदि समय रहते समन्वय और गंभीरता दिखाई जाती, तो इस सत्र में केंद्रीय विद्यालय शुरू हो सकता था। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब इस दिशा में नए सिरे से पहल तेज की जा रही है।

रतिराम कोसमा ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया के मार्गदर्शन में राज्यसभा सांसद फूलो देवी नेताम से इस विषय पर चर्चा हो चुकी है। सांसद ने दिल्ली स्तर पर पहल करने का आश्वासन दिया है। इसी कड़ी में 9 अप्रैल को एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मुलाकात कर विस्तृत जानकारी साझा करेगा और आगामी शिक्षा सत्र में केंद्रीय विद्यालय शुरू कराने के लिए ठोस रणनीति पर चर्चा करेगा। अभिभावकों का कहना है कि केंद्रीय विद्यालय खुलने से क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा और उन्हें बाहर के शहरों में जाने की मजबूरी नहीं रहेगी। वहीं शिक्षा से जुड़े जानकारों का मानना है कि दल्लीराजहरा जैसे औद्योगिक क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से शैक्षणिक स्तर में बड़ा सुधार आएगा और स्थानीय प्रतिभाओं को बेहतर मंच मिलेगा।

शहर में अब उम्मीद की नई किरण नजर आ रही है। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक स्तर पर बढ़ती सक्रियता से यह संकेत मिल रहा है कि आने वाले समय में दल्लीराजहरा को केंद्रीय विद्यालय की सौगात मिल सकती है। यदि सभी स्तरों पर समन्वय बना रहा, तो यह पहल जल्द ही धरातल पर उतर सकती है और क्षेत्र के शिक्षा परिदृश्य में बड़ा बदलाव ला सकती है!

# जवाहर नगर में घटिया निर्माण, 2 हजार वर्गफीट पेवर ब्लॉक उखाड़कर फिर से लगाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

करीब 3 लाख रुपए खर्च कर जवाहर नगर मुख्य गेट से शक्ति नगर की तरफ पानी टंकी के पास बिछाए जा रहे पेवर ब्लॉक में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। 4 इंच के बेस की जगह कम ऊंचाई का बेस तैयार कर पेवल ब्लॉक बिछा गई। इतना ही नहीं कई अन्य प्रकार से गड़बड़ी की गई।

■ महापौर अल्का और लोककर्म प्रभारी चंद्राकर ने पकड़ी गड़बड़ी

सोमवार को महापौर अल्का बाघमार और लोककर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर ने यह गड़बड़ी पकड़ी। इसके बाद तत्काल काम रुकवाकर करीब 2 हजार वर्गफीट का पेवर ब्लॉक उखड़वाया गया। साथ ही उसे पुनः नियमों के तहत लगाने के निर्देश दिए गए। बता दें कि पूर्व में पुरानी गंजमंडी के पास भी पेवर ब्लॉक घटिया लगाए जाने की शिकायत के बाद काम रुकवाया गया। साथ ही नए सिरे से पेवर ब्लॉक बिछवाया गया था। वर्तमान में कार्य की गुणवत्ता में लापरवाही बरतने पर कार्य एजेंसी को ब्लैक लिस्टेट किए जाने की चेतावनी दी गई है।



बता दें कि करीब 9 लाख रुपए की लागत से पेवर ब्लॉक का काम स्वीकृत किया गया था। शुभ पेवर ब्लॉक नामक एजेंसी को काम दिया गया था। काम बिलो में लिए जाने की वजह से करीब 3 लाख रुपए की राशि शेष थी। इस राशि से जवाहर नगर में पेवर ब्लॉक बिछाने का काम किया जा रहा था। खबर है कि यह काम रोहित गुप्ता नामक ठेकेदार से कराया जा रहा था।

# आयोग की कार्रवाई में सहयोग नहीं करने पर बीएसपी प्रबंधन को फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्य सरला कोसरिया एवं ओजस्वी मंडावी ने सोमवार को महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में प्रदेश स्तर पर आज 390 वी. एवं रायपुर जिले में 179 वी. जनसुनवाई की गई। इसमें भिलाई स्टील प्लांट से जुड़े एक प्रकरण ने अध्यक्ष डॉ. नायक ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि एक मामले में आरोप है कि एक कर्मचारी दो-दो महिलाओं से अवैध रिश्ता रखता है। अपनी पत्नी और बच्चों को भरण-पोषण नहीं देता। बीएसपी आश्वासन देता है कि पत्नी और उनके बच्चों को पर्याप्त भरण-पोषण अनावेदक के वेतन से दिया जायेगा। बात में मामले में लीपापोती की जाती है। जब लिखित में जवाब मांगा जाता है तो प्लांट यह कहता है कि लॉ डिपार्टमेंट को भेजा था, कर्मचारी ने लिखकर दे दिया। इसलिए हम भरण-पोषण व वेतन की राशि नहीं दे सकते। इस पर आयोग ने बीएसपी के शीर्ष अधिकारी को फटकार लगाई। साथ ही नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा। जिले से जुड़े एक अन्य प्रकरण में बताया गया कि भारत माला परियोजना में कोलिहापुरी की लगभग ढाई एकड़ जमीन निकली, जिसका मुआवजा लगभग 1 करोड़ 64 लाख अनावेदक के एकाउंट में है। इस संपत्ति में आवेदिका अपना एक चैथाई हिस्सा चाहती है। उसके अन्य दो भाई और हैं। आवेदिका के अनुसार कलेक्टर दुर्ग से इस परियोजना के तहत 2 गुना कीमत प्राप्त हुआ है। शेष 2 गुना कीमत के लिए मामला लंबित है। आयोग द्वारा कलेक्टर दुर्ग को पत्र प्रेषित कर बैंक ऑफ बड़ोदा के ब्रांच मैनेजर गंजपारा ब्रांच में अनावेदक के बैंक एकाउंट में दर्ज मोबाइल नंबर के बैंक खाते के ट्रांजेक्शन को तत्काल प्रभाव से रोक लगाया जाने हेतु अनुशंसा की गई।

■ महिला आयोग ने की दुर्ग जिले से जुड़े प्रकरणों की सुनवाई, जारी किए आवश्यक दिशा निर्देश

# चार बार की अध्यक्ष नीता चुनाव हारीं, रमेश 268 वोटों से जीते



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की प्रक्रियू पूरी कर ली गई है। चार बार की अध्यक्ष नीता जैन इस बार चुनाव हार गई हैं। उन्हें रमेश शर्मा ने 268 वोटों के बड़े अंतर से हराया। नीता जैन को 336 वोट मिले, वहीं रमेश शर्मा पर भरोसा जताते हुए अधिवक्ताओं ने 604 मत दिए। दो वर्षीय कार्यकाल वाले संगठन में सचिव पद रविशंकर सिंह लगातार पांचवीं बार निर्वाचित हुए। उन्होंने 167 वोटों के अंतर से जीत हासिल कर एक नया रिकॉर्ड बनाया। उन्हें 636 वोट मिले, वहीं उनके निकट्टतम प्रतिद्विंदी को 469 वोट पड़े। कोषाध्यक्ष पद पर अनिय जायसवाल चुनाव हार गए हैं। उन्हें आकेत आर मिश्रा ने हराया। आकेत को 529 मत पड़े, वहीं जायसवाल को 339 वोट मिले। अध्यक्ष पद पर रमेश शर्मा 604 वोट, नीता जैन 336 वोट, उमा भारती साहू 218 वोट और गुलाब सिंह पटेल को 177 वोट मिले। अध्यक्ष पद के अन्य प्रत्याशी 50 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाए।

■ जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में प्रशांत, पूजा उपाध्यक्ष, मिश्रा चुने गए कोषाध्यक्ष

### स्वरोजगार प्रशिक्षण लेकर विद्यार्थी बनेंगे आत्मनिर्भर

**भिलाई।** पंद्रह दिवसीय मशरूम उत्पादन एवं स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय में जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया गया। जैव प्रौद्योगिकी की विभागाध्यक्ष डॉ शिवानी हरम ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों को बताते हुए कहा की विद्यार्थियों एवं स्थानीय प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीकों से अवगत कराने तथा उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉक्टर दीपक शर्मा ने मशरूम उत्पादन एवं उससे जुड़े स्वरोजगार के अवसरों पर प्रशिक्षण देने विभाग को बधाई दी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सेजस स्कूल डौंडी लोहारा में प्रवेश प्रक्रिया 10 अप्रैल से

**डौंडीलोहारा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डौंडी लोहारा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा पहली से 12वीं तक प्रवेश प्रक्रिया 10 अप्रैल 2026 से प्रारंभ की जा रही है। प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं निर्धारित तिथि 10 अप्रैल से 5 मई 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। विद्यालय प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से किया जा सकेगा। प्रत्येक विद्यार्थी केवल एक ही विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेगा। विद्यालय में उपलब्ध रिक्त सीटों की जानकारी तथा प्रवेश से संबंधित अन्य आवश्यक विवरण विद्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित किए जाएंगे, जहां से अभिभावक एवं विद्यार्थी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक अभिभावकों से समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की गई है, ताकि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रवेश सुनिश्चित किया जा सके।

### जिला कबड्डी प्रीमियर लीग आज से

**अंडा।** दुर्ग जिले समीप ग्राम कोलिहापुरी दुर्ग में स्वर्गीय भरत लाल देशमुख स्मृति कीड़ा संस्था के द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष 2026 में तीन दिवसीय दुर्ग जिला कबड्डी प्रीमियर लीग 8 अप्रैल से 10 अप्रैल 2026 खेल मैदान कोलिहापुरी में किया जा रहा है इसमें दुर्ग जिले के तनों विकासखंड धमधा, पाटन व दुर्ग ग्रामीण व शहर के सीनियर महिला /पुरुष वर्ग के कबड्डी लीग मैच का शुभारंभ 8 अप्रैल 2026 शाम 6:00 बजे खेल मैदान कोलिहापुरी में किया जाना है और दुर्ग जिला कबड्डी प्रीमियर लीग में लगभग 150 खिलाड़ियो के 10 टीमों के मध्य मैच खेला जाना है जिसमें 36 फोर्ट फाइटर, कबीर वॉरियर्स,मन देव महाबली,फ्लोटिंग विंग,तेजस टाइगर,अभी एवेंजर्स खुडवा पैंथर्स, जनपद के जांबाज, रिसाली टाइगर सभी के बीच लीग मैच होगा कार्यक्रम की अतिथि गण श्री मान अलबियुस एक्का संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग, केशव बंटी हरमुख अध्यक्ष दुर्ग जिला कबड्डी संघ, आशा विक्की मिश्रा जिला पंचायत सदस्य, प्यारी बाई निषाद जनपद पंचायत दुर्ग, ईश्वर प्रसाद साहू सरपंच ग्राम पंचायत कोलिहापुरी व उप सरपंच समस्त पंचगण व सभी टीमों के आनर उपस्थित रहेंगे इसकी जानकारी समिति के अध्यक्ष नवीन देशमुख व सचिन पीलू पारकर ने दी।

### बीएसपी में ठेका श्रमिक कार्यक्रम महिला श्रमिकों को किया जागरूक

**भिलाई।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन - आईआर एवं सीएलसी द्वारा मानव संसाधन विकास केन्द्र में "नारी शक्तिः ठेका श्रमिक कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार और विशिष्ठ अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी जेएन ठाकुर, संजीव श्रीवास्तव तथा विकास चंद्रा थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा ही सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है, जिससे व्यक्ति न केवल स्वयं बल्कि अपने परिवार एवं समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। श्री ठाकुर ने अधिकार एवं कर्तव्य के संतुलन को समझने का आग्रह किया। कार्यक्रम में 170 महिला ठेका श्रमिकों ने खेल, क्विज़ एवं जागरूकता गतिविधियों में भाग लिया।

# भैंसबोड़ में शुद्ध पेयजल की सौगात, समग्र विकास की दिशा में वन विभाग का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा क्षेत्र में वन विभाग ने एक बार फिर जनहित में सराहनीय पहल करते हुए विकास का नया अध्याय जोड़ा है। 07 अप्रैल 2026 को वनमण्डल बालोद और वन प्रबंधन समिति भैंसबोड़ के संयुक्त प्रयास से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भैंसबोड़, पूर्व माध्यमिक शाला तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसबोड़ में वाटर कूलर और वॉटर प्यूरीफायर का वितरण किया गया।

इस पहल से न केवल मरीजों और विद्यार्थियों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध होगा, बल्कि स्वास्थ्य सुरक्षा और स्वच्छता के स्तर में भी महत्वपूर्ण सुधार आएगा। वनमण्डल अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने अपने विस्तृत संबोधन में कहा कि वन विभाग की भूमिका अब केवल जंगलों के संरक्षण तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि समाज के हर वर्ग तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना भी प्राथमिकता बन चुकी है। उन्होंने कहा कि "स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए स्वच्छ पेयजल सबसे महत्वपूर्ण आधार है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लोग शुद्ध पानी की समस्या से जूझते हैं, ऐसे में यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम आगे बढ़कर इस दिशा में ठोस पहल करें। वन विभाग पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ अब जल संरक्षण और जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में भी निरंतर कार्य कर रहा है। आने वाले समय में और भी ऐसे प्रयास किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण अंचलों में जीवन स्तर बेहतर हो सके।"

उन्होंने आगे कहा कि वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कर विकास कार्यों को अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। "जब गांव के लोग स्वयं इन योजनाओं से जुड़ते हैं, तो न केवल योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन होता है, बल्कि उनके संरक्षण और उपयोग में भी जिम्मेदारी बढ़ती है।

### स्वच्छ पेयजल स्वस्थ समाज की नींवः अभिषेक






#### सुविधाएं उपलब्ध कराना समय की मांग

उपवन मंडल अधिकारी दल्ली राजहरा एम.सी. डाहिरे ने इस पहल को जनस्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराना समय की मांग है। वहीं उपवन मंडल अधिकारी बालोद किशोरी लाल साहू ने कहा कि वन प्रबंधन समितियों की भागीदारी से इस प्रकार के कार्य और अधिक प्रभावी बनते हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भी जिम्मेदारी और सहभागिता की भावना मजबूत होती है।

#### अब विकास का दायरा व्यापक हो रहा

वन प्रबंधन समिति भैंसबोड़ के अध्यक्ष महेश निषाद ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से गांव के बच्चों और मरीजों को सीधा लाभ मिलेगा। सरपंच चित्रकांत ठाकुर ने भी इसे ग्राम विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और भविष्य में भी इस तरह के सहयोग की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामवासी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। बच्चों के चेहरों पर शुद्ध पेयजल की सुविधा मिलने की खुशी साफ झलक रही थी, जो इस पहल की सार्थकता को दर्शाती है। वन विभाग की यह पहल स्पष्ट संकेत देती है कि अब विकास का दायरा व्यापक हो रहा है। जहां वन संरक्षण के साथ-साथ जल, स्वास्थ्य और समाज के समग्र उत्थान की दिशा में भी ठोस और प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

## जायजा : 33 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का विधायक ने किया निरीक्षण

# विधायक के निरीक्षण से सुधरी सड़क की गुणवत्ता ग्रामीणों ने कहा - एक सप्ताह गांव में ही रुक जाइए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ विधायक ने गुणवत्ता पर जताई नाराजगी

ग्रामीणो ने विधायक संगीता सिन्हा से कहा विधायक जी आप एक सप्ताह हमारे ग्राम में ही रूक जाईए। आपके आज सड़क निरीक्षण के लिए आने के समाचार के बाद कार्य गुणवत्ता में कई गुना सुधार हो गया है।

यह दिलचस्प एवं अधिकारियो की भ्रष्ट कार्यशैली को उजागर करने वाला मामला सांकरा–नारागांव बड़भूम मार्ग निर्माण का है। मंगलवार को संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ग्रामीणो से मिली शिकायतो के बाद ग्राम सांकरा से नारागांव बड़भूम, गुरूर के मध्य बन रहे 33 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंची थी। यह कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रहा है।

इस सड़क का निर्माण 2006 में तात्कालिक विधायक प्रीतम साहू के कार्यकाल में बना था। उसके बाद कभी इस पर कार्य नही हुआ। बीते 10 सालो से ग्रामीण सड़क मरम्मत एवं पुनर्निर्माण की मांग कर रहे थे। लंबे इंतजार के बाद बन रही सड़क को लेकर ग्रामीण सजग है। लगातार निगरानी कर रहे है, लेकिन विभाग के कथित भ्रष्टाचार से ग्रामीण आहत है। कार्य की गुणवत्ता को लेकर शिकायते कर रहे है, एक सप्ताह पूर्व इसी सड़क का जिला पंचायत गुणवत्ता खराब होने पर प्रतिनिधि मण्डल ने गुणवत्ता सुधारने कहा था।

जिला पंचायत के दल के निर्देश के बाद भी कार्य में सुधार नही हुआ तो ग्रामीणो ने शिकायत विधायक से की। विधायक ने मंगलवार को सड़क निरीक्षण की तिथि तय नाम के लिए रोलर चलाया गया है। मंगलवार को वहां बन रही सड़क को देखकर ग्रामीण आश्चर्य चकित रह गये। उस स्थान में मजबूत बेस डाला गया एवं डामर की मोटाई के साथ डामर मिश्रण एवं रोलर का कार्य भी बदल गया। विधायक के आने के समाचार के बाद जब विभाग ने मजबूत सड़क बनाई तो वनक्षेत्र के भोले भाले ग्रामीणो ने विधायक को ही ग्राम मे रहने का आमंत्रण दे दिया। मामले में विधायक संगीता सिन्हा ने कहा विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है। अधिकारी जिम्मेदारी से भाग रहे है, इस सड़क के लिए मैंने बहुत मेहनत की है। कई चक्कर लगाए है, दर्जनो पत्र लिखे है, तब मुश्किल से सड़क के लिए राशि स्वीकृत हुई है, लेकिन वह भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। संगीता सिन्हा ने कहा सड़क मे बेस बहुत कमजोर है, निर्धारित मापदण्ड से सड़क का निर्माण नही हो रहा है। जब सड़क का बेस ही कमजोर होगा तो सड़क कैसे मजबूत होगी। सड़क के डामर अभी से हल्की रगड़ से उखड़ रहे है, अभी से सड़क दब रही है।

संगीता सिन्हा ने कहा चर्चा में अधिकारी उसे सुधारने की बात कह रहे है, संगीता सिन्हा ने कहा सड़क को प्रारंभ से ही निर्धारित मापदण्ड में मजबूत बनाते तो सुधारने की बात कहने की आवश्यकता ही नही होती। संगीता सिन्हा ने कहा अधिकारी स्वयं अपनी बातो से साबित कर रहे है कि सड़क की गुणवत्ता खराब है एवं उसे सुधारने की आवश्यकता पड़ेगी।

संगीता सिन्हा ने चेतावनी दी कि यदि कार्य की गुणवत्ता में तत्काल सुधार नही किया गया एवं मापदण्डो के अनुरूप कार्य नही किया गया तो केन्द्र सरकार को पत्र लिखकर केन्द्रीय टीम से जांच कर कार्यवाही कराई जाएगी।

#### विधायक के आने की खबर से बदली कार्य की गुणवत्ता








# बस स्टैंड और सार्वजनिक शौचालय का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

■ सीएमओ ने व्यवस्था सुधारने के कड़े निर्देश दिए

दल्लीराजहरा नगर में स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी के तेज तेवर एक बार फिर देखने को मिले। वार्ड क्रमांक 24 स्थित बस स्टैंड परिसर और सार्वजनिक शौचालय का आकस्मिक निरीक्षण करते ही व्यवस्था में लापरवाही उजागर हुई, जिसके बाद मौके पर ही सख्त निर्देश जारी किए गए। निरीक्षण की खबर फैलते ही संबंधित कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति बन गई। निरीक्षण के दौरान शौचालय में साफ-सफाई, पानी की उपलब्धता, बिजली और प्रकाश व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया गया। कई स्थानों पर अनियमितता पाए जाने पर तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। शौचालय के नियमित रखरखाव, परिसर की सतत सफाई और कीटनाशकों के उपयोग को अनिवार्य करते हुए स्पष्ट किया गया कि लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएमओ सीमा बख्शी ने मौके पर ही संबंधित विभाग को निर्देशित करते हुए टूटे हुए दरवाजों और सीटों को बदलवाने, नलों में टोटी लगाने और अन्य आवश्यक मरम्मत कार्य तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही रैन बसेरा के ऊपर स्थित पानी टंकी की साफ-सफाई करवाई गई, ताकि वार्डवासियों और यात्रियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने पर



भी विशेष जोर दिया गया।

इस कार्रवाई को लेकर स्वच्छता व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जगी है। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से बस स्टैंड और शौचालय की स्थिति दयनीय थी, लेकिन अब सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। नागरिकों ने नियमित निरीक्षण की मांग भी की, ताकि व्यवस्थाएं स्थायी रूप से बेहतर बनी रहें। राजस्व प्रभारी बुद्धिमान सिंह ने बताया कि निरीक्षण के बाद आवश्यक सुधार कार्य तेजी से शुरू कर दिए गए हैं और निर्धारित समयसीमा में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएंगी। वहीं स्वच्छता प्रभारी सतीश चंद्राकर ने कहा कि सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती और नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। नगर पालिका के इस सख्त रुख से यह स्पष्ट हो गया है कि शहर में स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही अब नहीं चलेगी। आने वाले दिनों में अन्य वार्डों में भी इसी तरह के औचक निरीक्षण किए जाने की संभावना है, जिससे पूरे नगर में साफ-सफाई और व्यवस्थाओं में व्यापक सुधार देखने को मिल सकता है।

# जोरातराई में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस जोरातराई में मनाया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. तेजराम साहू, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, मंडल उपाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत साहू, संयोजक पुष्कर चंद्रकार, बूथ अध्यक्ष दिलेश्वर सोनेश्वरी, सोमनाथ साहू, रोशन लाल साहू, भूपत सिंह साहू, रूपेंद्र साहू, महेंद्र कुमार ठाकुर, सेवक रामअंगारे, उदय राम साहू, नंदिनी ठाकुर, नीतू ठाकुर, भुनु ठाकुर, गोलू साहू बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिव दर्शन आध्यात्मिक मेले के चौथे दिन वरिष्ठ नागरिकों ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ आत्मज्ञान भवन में जारी आध्यात्मिक मेला

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आत्मज्ञान भवन द्वारा आयोजित शिव दर्शन आध्यात्मिक मेला के चतुर्थ दिवस का उद्घाटन समाज के वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गोंडवाना महासभा प्रेमलाल कुंजाम, प्रांत उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज उमेंदी राम गंगरेल, पूर्व प्राचार्य आरडी दास, तुलसी मानस प्रतिष्ठान कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश देशमुख, आरआर ठाकुर, पुरुषोत्तम देशमुख, ललित कुमार हरदेल, आरके शर्मा, डॉ सत्य प्रकाश अग्रवाल, डब्लूआर वानखेड़े, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, पेंशनर समाज अध्यक्ष आरएम चावड़ा, कोशाअध्यक्ष पेंशनर समाज ईश्वर नाथ योगी, डॉ रामानंद दुबे, बीआर बेलसर, ब्रह्माकुमारी मुख्य संचालिका बीके विजयलक्ष्मी दीदी साथ में



बीके सरिता दीदी उपस्थित थे। बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि हमारे सभी वरिष्ठ बुजुर्ग भाइयों के अनुभवों का लाभ हम सभी बहने समय प्रति समय लेते रहते हैं, क्योंकि आपकी दुआएं और मार्गदर्शन का लाभ हमें मिलता है, यहां द्वादश ज्योतिर्लिंग द्वारा परमात्मा संदेश दिया जा रहा है कि हर कर्म करते परमात्मा पिता की याद से उनके गुणों और शक्तियों को महसूस कर सकते हैं, आगे की पैनल में व्यसन मुक्ति प्रदर्शनी भी लगाया गया है, अगर हम भारत देश को सोने की चिड़िया बनाना चाहते हैं तो उसके पहले हमें अपने आचार ,विचार, व्यवहार को श्रेष्ठ बनाना होगा। व्यसनों व बुराइयों से अपने को मुक्त रखना होगा, तब हम भारत देश को नशा मुक्त भारत बना सकेंगे। बीके सरिता दीदी ने कहा कि जैसे वृक्ष फल देता है, छाया देता है ऐसे बुजुर्गो से हमें बहुत कुछ मिलता है हमें बड़ों का सम्मान करना चाहिए। हम कितना भी पढ़ लिख ले लेकिन हम अपने माता–पिता का बड़े बुजुर्गों का सम्मान करना ना छोड़े।

उन्होंने कहा कि आज अलग–अलग क्षेत्र में सफलतापूर्वक सेवाएं देते हुए प्रबुद्ध जन हमारे बीच उपस्थित हैं। आरडी दास जी ने ब्रह्माकुमारी संस्था और सेवाधारियों की महिमा करते हुए कहा कि आप सब का मन अमल है जिसमें किसी भी प्रकार का मैल नहीं है। तो हम आपका दिल से नमन करते है। जगदीश देशमुख ने कहा कि भारतीय चेतना का मूल स्वर ही शिव है, जब पूरी दुनिया अशांत है, शांति की तलाश में लगा हुआ है, कहीं ना कहीं हम अशांत नजर आते हैं, तब एक ही संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी जो शिव चेतना से अनुक्रमनित है और शिव के चरण में जाने से ही शांति मिलती है।

आरआर ठाकुर ने कहा कि शिव दर्शन आध्यात्मिक मेला में आने से हमें असीम आत्म शांति की अनुभूति हुई। पुरुषोत्तम देशमुख ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान बार–बार ऐसे कार्यक्रम करते हैं जो हमें सकारात्मक सोचने के लिए प्रेरित करते हैं। कमलेश सोनी ने कहा कि बालोद जिला वासियों के लिए यह अद्भुत क्षण है कि अलग–अलग समय में प्रदर्शनी के माध्यम से हम देखते हैं, आज की दुनिया में लोग तनाव से ग्रसित हैं, समस्याओं से ग्रसित हैं, तो इस अध्यात्म के द्वारा हम अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। आरके वर्मा ने कहा एक बिंदु हमें मिला है और हमें अपने भीतर झांकना चाहिए आत्म दर्शन करें और परमात्मा दर्शन करें।

### ग्राम पटेल संघ का मासिक बैठक 12 को

**बालोद।** जिला ग्राम पटेल संघ बालोद का मासिक बैठक 12 अप्रैल रविवार को दोपहर 12 बजे मां बंजारी धाम जुंगेरा में आयोजित की गई है। जिसमें जिला बालोद के ग्राम पटेल उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी संघ के मिडिया प्रभारी भाव सिंह यदुवंशी ने दिया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## बूथ एवं पंचायत कमेटी गठन के लिए हुई बैठक

# कार्यकर्त्ता जमीनी स्तर पर मजबूती से काम करें: ताम्रध्वज साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर के निर्देशानुसार मिनाक्षी नगर दुर्ग में पूर्व विधायक एवं पूर्व केबनीट मंत्री ताम्रध्वज साहू मार्गदर्शन में तथा ब्लॉक प्रभारी दुर्गा गजबे एवं ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख के उपस्थित में सम्पन्न हुआ। बैठक में जिला कांग्रेस के पदाधिकारी ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी बूथ एवं सेक्टर तथा कांग्रेस कार्यकर्त्ता विशेष रूप से उपस्थित थे।

यह बैठक छतीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के मंशाअनुसार संघठन सृजन के तहत बूथ कमेंटी के गठन एवं पंचायत एवं वार्ड कमेटी के ग़ठन हेतु विशेष दिशानिर्देश दिया गया। मंडल एवं सेक्टर कमेटी की सक्रियता एवं उनकी भूमिका को इंगित करते हुये मंडल एवं सेक्टर कमेटी की बैठक करना हेतु कहा गया। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कार्यताओं मनोबल बाढ़ते हुये कहा की बूथ एवं पंचायत की इकाई हमारे संघठन की रीड की हड्डी है। कार्यकर्त्ता जमीनी स्तर पर मजबूथी से काम करें उनकी मजबूती ही पुरे संघठन को मजबूती मिलता है। इसलिए जमीनी स्तर पर बैठक लेकर इकाई का गठन करें नये कार्यकर्ता के साथ साथ पुराने कार्यकर्त्ताओं की सूद ले। ब्लॉक प्राभारी दुर्गा गजबे ने इकाई गठन के परिपेक्ष में विस्तृत जानकारी प्रदान किया। एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशो को अवगत कराया। अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस देवेंद्र देशमुख द्वारा संघठन के ढांचे को बैठक में रखा। इस अवसर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष टिकेश्वरी लाल देशमुख एवं रिवेन्द्र यादव,विशाल देशमुख, योगिता चन्द्रकार, ने भी अपने अपने विचार रखे।



#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नंद कुमार सेन,उपाध्यक्ष जनपद राकेश हिरवानी, झमित गायकवाड़, लक्ष्मी साहू, जामवंत गजपाल, डॉ पिलेश्वर साहू, घनश्याम जगपाल, मंडल प्रभारी जागेत्री साहू, मंडल अध्यक्ष नंद कुमार साहू,शिवनारायण दिल्लीवार, धर्मेंद्र बंजारे, देव राज चतुर्वेदी, रविंद्र सिन्हा, दिवाकर गायकवाड़, विकास चन्द्रकार, रोहित साहू, जितेंद्र साहू, डिकेंद्र हिरवानी,पुष्पा साहू, कैलाश सिन्हा, राजेन्द्र ठाकुर, प्यारी निषाद, भागवत साहू, अजय वैष्णव, मुकेश साहू, जीतेन्द्र यादव, दीपांशु यादव, हरेंद्र देव,तेजराम चंदेल, दिलीप साहू, कृष्णा साहू, बलराम चन्द्रकार इन्द्राणी यादव, द्रोपती साहू, सुनील मिश्रा, भरत निषाद, बलढाऊ देशमुख, अश्वनी सर्प, रामकुमार पटेल,बेकुंठ,रोशन साहू, जनार्दन साहू, नरेश कुमार, राजेश साहू, खुमेश यदु सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

